भारत सरकार

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2812

10.07.2019 को उत्तर देने के लिए

जीडीपी गणना-पद्धति

2812. श्री के. सुब्बारायणः
श्री दीपक बैजः
डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंताः
श्री एम. सेल्वराजः
श्री गोपाल शेट्टीः
श्री रवनीत सिंहः
श्री एस. वेंकटेशनः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कुछ विशेषज्ञों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों के अनुसार, वर्ष 2011-12 से 2016-17 की अवधि के दौरान सरकार ने जीडीपी के आंकड़ों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया है;

(ख) यदि हां, तो क्या वर्ष 2011 के पश्चात् जी.डी.पी. की दर को प्रतिवर्ष लगभग 2.5 प्रतिशत बढ़ा-चढ़ाकर कर दिखाया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) वर्ष 2011-12 से 2016-17 तक की अवधि के दौरान वास्तविक जीडीपी आंकड़े और विशेषज्ञों द्वारा बताए गए आंकड़े क्या हैं और उक्त अवधि के दौरान देश में विभिन्न क्षेत्रों में आए उतार-चढ़ाव का ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या सरकार का जीडीपी के आकलन के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के एक स्वतंत्र कार्यबल वाली प्रणाली फिर से शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (ड.): इस मंत्रालय द्वारा अनुपालित सकल देशीय उत्पाद (जीडीपी) अनुमानन की कार्यविधि संयुक्त राष्ट्र द्वारा विकसित राष्ट्रीय लेखा प्रणाली (एसएनए) 2008, राष्ट्रीय लेखाओं के संकलन में

अंतर-राष्ट्रीय मानक के अनुरूप है । कार्यविधि और आंकड़ा स्रोतों की, अकादमिक विशेषज्ञों, विभिन्न हितधारकों तथा विशेषज्ञ समिति जैसे कि राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी पर सलाहकार समीति, जिसके सदस्य भारतीय रिजर्व बैंक, राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग, वित्त मंत्रालय, राज्य सरकारों, अकादमिक आदि से हैं, द्वारा समीक्षा की जाती है । इस मंत्रालय द्वारा तैयार जीडीपी अनुमान आंकड़ों और अंगीकृत कार्यविधि के आधार पर अर्थव्यवस्था के विकास का सटीक चित्रण है ।

वर्ष 2011-12 से 2016-17 के लिए स्थिर (2011-12) मूल्यों पर जीडीपी और क्षेत्र-वार सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) तथा तद्रूपी वृद्धि दरें इस मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं तथा प्रासंगिक सार अनुलग्नक पर है ।

*****

स्थिर (2011-12) मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद और आर्थिक क्रियाकलापों का सकल मूल्य वर्धन

		(रुपए करोड़ में)						वृद्धि दर				
क्र.सं.	मद	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17
1.	कृषि, वानिकी और मत्स्यन	15,01,947	15,24,288	16,09,198	16,05,715	16,16,146	17,17,467	1.5	5.6	-0.2	0.6	6.3
2	खनन और उत्खनन	2,61,035	2,62,609	2,63,107	2,88,685	3,17,974	3,48,089	0.6	0.2	9.7	10.1	9.5
3.	विनिर्माण	14,09,986	14,86,873	15,60,709	16,83,938	19,03,850	20,55,043	5.5	5.0	7.9	13.1	7.9
4.	विद्युत, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं	1,86,668	1,91,635	1,99,601	2,14,047	2,24,158	2,46,491	2.7	4.2	7.2	4.7	10.0
5.	निर्माण	7,77,335	7,80,050	8,00,771	8,35,229	8,65,335	9,17,754	0.3	2.7	4.3	3.6	6.1
6.	व्यापार, मरम्मत, होटल और रेस्तरां	8,83,582	9,81,620	10,34,506	11,35,841	12,61,426	13,89,176	11.1	5.4	9.8	11.1	10.1
7.	परिवहन, भंडारण, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएं	5,29,534	5,69,523	6,17,556	6,71,848	7,31,399	7,56,239	7.6	8.4	8.8	8.9	3.4
8.	वित्तीय सेवाएं	4,80,226	5,29,792	5,77,914	6,27,255	6,72,788	6,97,103	10.3	9.1	8.5	7.3	3.6
9.	रीएल एस्टेट, आवास का स्वामित्व और व्यवसायिक	10,50,651	11,50,239	12,89,493	14,46,460	16,21,999	17,97,341	9.5	12.1	12.2	12.1	10.8

	सेवाएं											
10.	लोक प्रशासन और रक्षा	4,91,155	5,01,383	5,10,046	5,43,853	5,65,106	6,13,896	2.1	1.7	6.6	3.9	8.6
11.	अन्य सेवाएं	5,34,827	5,68,262	6,00,748	6,59,262	7,11,691	7,80,373	6.3	5.7	9.7	8.0	9.7
12.	**कुल जीवीए**	**81,06,946**	**85,46,275**	**90,63,649**	**97,12,133**	**1,04,91,870**	**1,13,18,972**	**5.4**	**6.1**	**7.2**	**8.0**	**7.9**
13	**जीडीपी**	**87,36,329**	**92,13,017**	**98,01,370**	**1,05,27,674**	**1,13,69,493**	**1,22,98,327**	**5.5**	**6.4**	**7.4**	**8.0**	**8.2**